Headline: St. Judes opened a new centre in Hyderabad for pediatric cancer patients

Publication: Hindi Milaap

Date: 29-01-25

हिन्दी मिलाप

कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए सेंट जूड्स ने हैदराबाद में खोला केंद्र

जूड्स के हैदराबाद केंद्र का उद्घाटन करते सेंट जूड्स इंडिया के सीईओ अनिल नायर व अन्य।

हैदराबाद, 27 जनवरी
(मिलाप ब्यूरो)

अपने घर, गांव और शहर से दूर कैंसर उपचार से गुजरने वाले बच्चों के लिए नि:शुल्क आवास सुविधा उपलब्ध कराने वाली संस्था सेंट जूड्स इंडिया चाइल्ड केयर सेंटर (सेंट जूड्स) ने शहर के सोमाजीगुड़ा में अपना नया केंद्र स्थापित किया है। इसका उद्घाटन सेंट जूड्स इंडिया के सीईओ अनिल नायर ने किया।

यहाँ जारी विज्ञप्ति के अनुसार, घर से दूर कैंसर उपचार के लिए हैदराबाद आने वाले बच्चों के लिए नि: शुल्क आवास और समग्र देखभाल सुविधा प्रदान की जाएगी। अनिल नायर ने बताया कि यह नया केंद्र स्वच्छ आवास, परिवहन, शिक्षा, परामर्श और समग्र देखभाल जैसी आवश्यक सेवाएं प्रदान करते हुए यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा कि हर बच्चे को बीमारी को हराने का सबसे अच्छा मौका मिले।

इस केंद्र में 26 परिवारों को समायोजित करने की क्षमता होगी। विशेष रूप से अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण (बीएमटी) प्रक्रियाओं से गुजरने वाले बच्चों के लिए चार इकाइयां शामिल हैं। एमएनजे कैंसर अस्पताल, बसवतारकम इंडो-अमेरिकन कैंसर अस्पताल, रेनबो चिल्ड्रन हॉस्पिटल, एल वी प्रसाद आई इंस्टीट्यूट, लिटिल स्टार चिल्ड्रन हॉस्पिटल और निम्स हॉस्पिटल में इलाज करा रहे बच्चों के लिए यह सुविधा स्थापित हैं, जिनमें से अधिकांश परिवार आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और तमिलनाडु राज्यों से होते हैं।

Hindi Milap Edition
Jan 29, 2025 Page No. 6
Powered by: erelego.com